# किसानों के हित से कोई समझौता नहीं

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा-ट्रेड डील देश हित में
- भ्रम फैलाने की मशीन बन गए हैं प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 4 फरवरी। भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के पहली बार केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की हित सुरक्षित है.**

उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील में किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया गया है। मोदी सरकार के लिए किसान सर्वोपरि हैं और किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते में किसानों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता रहती है।

बजट में कृषि के लिए बढ़े आवंटन और चल रही योजनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रही है। शिवराज सिंह ने ये भी कहा की अमेरिकी किसानों के हित में ये डील हुई है - भारत अमेरिका को पिछले साल 63 हजार करोड़ का चावल निर्यात किया था। अमेरिका जैसी जगहों से भारत दाल, डॉयफ्रुट्स, जैसे खाने की सामग्री कई देशों से आयात करता है।

राहुल गांधी झूठ की दुकान और भ्रम की मशीन बन गए हैं इस बातचीत के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष, खासतौर पर राहुल गांधी के आरोपों पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी और उन्हें भ्रामक राजनीति करार दिया। विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए कृषि मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा,राहुल गांधी झूठ की दुकान और भ्रम की मशीन बन गए हैं।

वे बिना तथ्यों के डर फैलाने का काम कर रहे हैं। उनका कहना था कि राहुल गांधी भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर जो बयान दे रहे हैं, वे न केवल गलत हैं बल्कि किसानों को गुमराह करने वाले भी हैं। डेयरी सेक्टर पर असर को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने साफ कहा कि इस क्षेत्र को विदेशी प्रतिस्पर्धा के लिए खुला नहीं छोड़ा गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारतीय दुग्ध उत्पादकों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं और सरकार किसी भी सूरत में उन्हें नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील को राजनीति के चश्मे से देखने के बजाय तथ्यों के आधार पर समझना चाहिए। उनके मुताबिक, यह समझौता भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, निर्यात के नए अवसर खोलेगा और अंततः इसका लाभ किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक पहुंचेगा।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है और भविष्य में भी उनकी सहमति और हितों के बिना कोई बड़ा निर्णय नहीं लिया जाएगा।

### शिवराज सिंह चौहान ने बजट का किया उल्लेख

बजट में किसानों के लिए आवंटन बढ़ाया गया है और सरकार कई मोर्चों पर किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई परियोजनाएं और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने जैसे कदम सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## इंडिगो बंद करेगी कोपनहेगन की उड़ान

**नई दिल्ली, 04 फरवरी।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने परिचालन संबंधी सीमाओं और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कोपनहेगन की उड़ान बंद करने और लंदन तथा मैनचेस्टर के लिए उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह उन मार्गों पर उड़ानों में कटौती करेगी जिन पर वाइडबॉडी विमान बोइंग 787-9 का इस्तेमाल किया जा रहा है। उसने बोइंग 787-9 विमान नोर्स अटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। संभावना है कि कंपनी इनमें से कुछ विमान वापस भी लौटा सकती है। डैम्प लीज के तहत विमान के साथ कुछ क्रू सदस्यों की आपूर्ति विमान देने वाली कंपनी करती है।

# गद्दार कहने पर सड़क पर आई बीजेपी

## राहुल गांधी से माफी की मांग, सिख नेताओं ने की अगुवाई



**नई दिल्ली, 04 फरवरी। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार' कहे जाने को लेकर देश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है.**

इस बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया.प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बीजेपी के सिख नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने इसे सिख समाज का अपमान बताया।

### सिख समाज का अपमान है

भाजपा मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और आरपी सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री ने इस बयान को सिखों के खिलाफ दशकों पुरानी मानसिकता का प्रतीक बताया है। श्री सिरसा ने इस बयान को सिखों के खिलाफ दशकों पुरानी मानसिकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सिखों को कभी आतंकवादी, कभी अलगाववादी और अब गद्दार कहने की सोच अस्वीकार्य है। उन्होंने 1984 की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सिखों के पवित्र स्थलों पर हमले किए गए।

## जम्मू कश्मीर के उधमपुर एनकाउंटर में जैश के दो आतंकवादी मार गिराए

**उधमपुर, 04 फरवरी।**जैश का टॉजम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों ने आतंक के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया है। बुधवार को हुए इस एनकाउंटर में आतंकी एक गुफा में छिपे हुए थे, जहां से वे लगातार सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर रहे थे। सेना ने रणनीतिक कार्रवाई करते हुए गुफा को ग्रेनेड विस्फोट से ध्वस्त कर दिया। इस ऑपरेशन का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आतंकी गुफा के भीतर से गोलीबारी करते नजर आ रहे हैं। मारे गए आतंकियों में जैश का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी शामिल है, जो लंबे समय से इस इलाके में सक्रिय था। यह मुठभेड़ करीब 20 घंटे तक चली, जिसमें सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। उधमपुर के साथ-साथ किश्तवाड़ जिले में भी आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है।सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह कार्रवाई आतंकियों के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है और इससे इलाके में सक्रिय आतंकी गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गए।

## एक नजर में



### गोलीबारी में लेसोथो के 6 नागरिकों की मौत

**जोहान्सबर्ग, 04 फरवरी।** दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग प्रांत के मेयर्टन कस्बे के पास मंगलवार को हुई गोलीबारी में लेसोथो के छह नागरिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। गौतेंग पुलिस के उपायुक्त फ्रेड केकाना ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि पीड़ित एक मिनीबस में यात्रा कर रहे थे जब संदिग्धों के एक समूह ने घात लगाकर उस पर हमला किया और बिना किसी उकसावे के वाहन पर गोलियां चलाईं। घायलों का फिलहाल स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। उपायुक्त केकाना ने कहा कि तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच के लिए फोरेंसिक टीमें घटनास्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा पीड़ित और संदिग्ध सभी लेसोथो के नागरिक हैं।

### कोहरे के कारण कार दुर्घटनाग्रस्त ,परिवार घायल

**बुलंदशहर, 04 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में बीती रात एक शादी समारोह से लौट रहा कार सवार परिवार घने कोहरे के कारण दुर्घटना का शिकार हो गया। पहासूङ्कसोमना मार्ग पर कसूम्बी गांव के पास कार रजवाहे में गिर गई, जिससे कार सवार दंपति समेत उनके तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार सवार दंपति अपने तीन बच्चों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होकर रात करीब 10-30 बजे दिल्ली स्थित अपने घर लौट रहे थे। कसूमी गांव के समीप घने कोहरे के कारण सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं देने से चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और कार रजवाहे की छोटी दीवार तोड़ते हुए उसमें जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही राहगीरों ने ग्रामीणों को सूचना दी.

### रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर समझौता

**मास्को, 04 फरवरी।** जापान और बंगलादेश ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा, तीन फरवरी को बंगलादेश के ढाका में, जापान की राजदूत सैदा शिनिची और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एस एम कामरुल हसन ने जापान सरकार और बंगलादेश सरकार के बीच रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए. यह समझौता तीन फरवरी से प्रभावी हो गया। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हस्तांतरित किए जाने वाले रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के प्रबंधन के लिए एक कानूनी संरचना स्थापित करता है जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं को लागू करना है.

### जमीन की बिक्री के मामले में प्रबंधक निलंबित : धामी

**चंडीगढ़, 04 फरवरी।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने बुधवार को, प्रेमगढ़ के सैनी माजरा गांव में स्थित गुरुद्वारा श्री अंब साहिब पातशाही सत्थी लांबा साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) की एक बीघा, छह विस्बे, 10 विस्बासियां भूमि को धोखाधड़ी से ट्रस्ट के नाम पर बेचने के मामले में, सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक राजिंदर सिंह को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया है। एडवोकेट धामी ने कहा कि यदि प्रबंधक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति इस मामले में संलिप्त पाया जाता है, तो उनके खिलाफ भी विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की आगे की जांच के लिए एसजीपीसी के सदस्यों की एक समिति गठित की गई है और प्रबंधक द्वारा किए गए पंजीकरण को रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है.

# केजरीवाल ने उठाया नागरिक सुरक्षा का मुद्दा

- दिल्ली में अचानक गायब होने वालों की संख्या का ग्राफ
- पिछले महीनों के मुकाबले तेजी से बढ़ी है घटनाएँ



**नई दिल्ली, 04 फरवरी। दिल्ली में हाल ही में लोगों के अचानक गायब होने की घटनाओं ने राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर चेतावनी दी है कि सिर्फ पिछले 15 दिनों में 807 लोग गायब हो चुके हैं। इनमें सबसे ज़्यादा प्रभावित महिलाएं और बच्चे हैं। केजरीवाल ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि ये हालात सामान्य नहीं, बल्कि बेहद डराने वाले हैं।

उन्होंने सीधे तौर पर सवाल उठाया कि देश की राजधानी में लोगों की सुरक्षा किस आधार पर छोड़ दी गई है, जबकि दिल्ली में हर स्तर पर बीजेपी की सरकार है। राजधानी में इस प्रकार की घटनाओं ने आम नागरिकों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ा दी है। महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि वे अपराधियों के निशाने पर सबसे ज्यादा होते हैं। दिल्ली में हाल ही में गायब होने वाले लोगों की संख्या ने राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए कहा कि केवल पिछले 15 दिनों में 807 लोग गायब हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या सबसे अधिक है, जो राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करता है.

### आज का इतिहास

- 1589- फ्रांस की महारानी कैथरीन का निधन।
- 1592- भारत के मुग़ल बादशाह शाहजहां का जन्म।
- 1659- खाजवाह की लड़ाई में औरंगज़ेब ने शाह शुजा को हराया।
- 1671- छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से सल्हर क्षेत्र जीता।
- 1691-यूरोप में पहली बार कागज़ी मुद्रा स्वीडन के बैंक ने जारी की।
- 1809-यूनाइटेड किंगडम ऑफ़ ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड और ओटोमन साम्राज्य के बीच डार्डानेल्स की संधि हुई।

# छत्तीसगढ़ के माओवादी ने ओडिशा में किया आत्मसमर्पण

**मलकानगिरि, 04 फरवरी (वार्ता) मलकानगिरि पुलिस को नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है.**

सीपीआई (माओवादी) के क्षेत्रीय समिति सदस्य एवं कांगेरघाटी क्षेत्र के कमांडर सुखराम मरकाम ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। उसने एक एसएलआर राइफल, 12 राउंड गोला-बारूद, दो आईईडी डिवाइस, विस्फोटक वायर, माओवादी वर्दी और प्रचार साहित्य सहित कुल 15 प्रकार की सामग्री पुलिस को सौंपी है। यह एकल आत्मसमर्पण में अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक मानी जा रही है। सुखराम मरकाम का संगठन से सफर 15 साल पुराना है। वह जून 2010 में बालसभा गठन के सदस्य के रूप में शामिल हुआ और धीरे-धीरे कांगेरघाटी क्षेत्र का कमांडर बना।

उसे अगस्त 2014 में 15 दिन का बुनियादी प्रशिक्षण और जून 2019 से जनवरी 2020 तक माओवादी विचारधारा, मानचित्र पठन आदि का उन्नत प्रशिक्षण मिला। बाद में उसे दुर्भा डिवीजन की मोबाइल अकादमिक स्कूल टीम में ग्रामीणों को भर्ती करने का जिम्मा दिया गया।

# धामी ने बस दुर्घटना में घायल यात्रियों की अस्पताल पहुंचकर ली जानकारी

**देहरादून, 04 फरवरी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को कालसी क्षेत्र के क्वानूङ्कमीनस मोटर मार्ग पर बस दुर्घटना में घायल यात्रियों का हाल-चाल जानने के लिए राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे.**

उन्होंने दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करके उनसे बातचीत की और कुशलक्षेम जाना तथा चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकीय टीम को सभी घायलों को सर्वोत्तम एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराने को कहा।

श्री धामी ने घायलों के परिजनों से भी बातचीत कर उन्हें विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार द्वारा उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ने विकासनगर के उप जिला चिकित्साधिकारी से फोन पर विकासनगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे दुर्घटना के घायलों को भी समुचित एवं संवेदनशील चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को भी कहा.

# भारतीय रेलवे ने विकास का नया कीर्तिमान स्थापित किया

- रेलवे ने अभूतपूर्व अवसंरचना विकास का नया कीर्तिमान स्थापित किया



**अहमदाबाद, 04 फरवरी। भारतीय रेलवे ने गुजरात में अभूतपूर्व बजटीय सहयोग और तीव्र अवसंरचना विकास के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है जिससे राज्य भर में सुरक्षित, आधुनिक और यात्री-केंद्रित रेल परिवहन के एक नए युग की शुरुआत हुई है.**

गुजरात के लिए रेलवे का औसत वार्षिक बजट आवंटन वर्ष 2009-14 के दौरान 589 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2026-27 की अवधि में 17,366 करोड़ हो गया है। यह लगभग 29 गुना वृद्धि है, जो राज्य में रेल अवसंरचना और संपर्क सुदृढ़ करने के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्तमान में गुजरात में 1,28,748 करोड़ लागत की रेलवे अवसंरचना परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। इन कार्यों में नई रेल लाइनों का निर्माण, स्टेशन पुनर्विकास तथा प्रमुख सुरक्षा उन्नयन शामिल हैं, जो नेटवर्क में दीर्घकालिक क्षमता वृद्धि और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करते हैं।

### अमृत स्टेशन योजना- स्टेशनों का कायाकल्प

अमृत स्टेशन योजना के तहत गुजरात के 87 रेलवे स्टेशनों को ?6,058 करोड़ की कुल लागत से व्यापक पुनर्विकास हेतु चिन्हित किया गया है।

### प्रीमियम ट्रेनों से बेहतर संपर्क

**आधुनिक ट्रेन सेवाओं के परिचालन से यात्री सुविधा और यात्रा दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में गुजरात में निम्न सेवाएँ संचालित हैं:-**

- 5 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
- 1 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस
- 1 जोड़ी नमो भारत एक्सप्रेस

ये सेवाएँ यात्रियों को तेज, सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा विकल्प प्रदान करती हैं। वर्ष 2014 के बाद से गुजरात के रेल नेटवर्क में तीव्र विस्तार हुआ है। लगभग 2,900 किमी नई रेल लाइनों का निर्माण किया गया है, जो कई यूरोपीय देशों के कुल रेल नेटवर्क से भी अधिक है। राज्य ने 4,005 किमी रेल लाइनों के विद्युतीकरण के साथ 100त्न विद्युतीकरण का लक्ष्य भी हासिल कर लिया है.

# मुख्यमंत्री योगी के प्रयास से जीवन में लौटी 'खुशी'

**लखनऊ, 04 फरवरी। उत्तर प्रदेश में कानपुर की मूकबधिर बच्ची खुशी को उसकी खोई हुई आवाज़ मिल गई है.**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशील हस्तक्षेप और त्वरित निर्देशों के चलते खुशी का सफल इलाज संभव हो सका, जिससे उसके जीवन में एक नई शुरुआत हुई है।

26 नवंबर को खुशी ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बेहतर इलाज के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद खुशी को उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप उसका इलाज सफल रहा।

> इलाज के बाद खुशी न सिर्फ सुनने और बोलने में सक्षम हुई, बल्कि उसके चेहरे पर भी खोई हुई मुस्कान लौट आई। मासूम खुशी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा- थैंक्यू योगी जी। खुशी के परिजनों ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों और संवेदनशीलता के कारण आज उनकी बेटी सामान्य जीवन की ओर लौट रही है।

## पहले ही रोके जा सकते हैं कैंसर के 30 प्रतिशत मामलें

**न्यूयॉर्क, 04 फरवरी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र की कैंसर अनुसंधान के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसी (आईएआरसी) के एक ताज़ा अध्ययन में सामने आया है कि कैंसर के लगभग 30 प्रतिशत मामलों को पहले ही रोका जा सकता है। यह अध्ययन तंबाकू, शराब, उच्च बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), शारीरिक निष्क्रियता, वायु प्रदूषण और पराबैंगनी विकिरण सहित 30 रोकथाम योग्य कारणों पर आधारित है.

# काशी में एक लाख का इनामी शूटर बनारसी यादव मुठभेड़ में ढेर

**वाराणसी, 04 फरवरी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी सुपारी किलर बनारसी यादव को मार गिराया.**


बनारसी पर सारनाथ थाना क्षेत्र में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या का मुख्य आरोप था। मुठभेड़ चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारियासनपुर रिंग रोड पर हुई। बनारसी यादव की सूचना मिलने पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने संबंधित थानों की मदद से घेराबंदी की। बनारसी यादव खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए।

बनारसी यादव पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे.

**मिला रोजगार** ▶ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में दी जानकारी

# अराजपत्रित 143086 पदों पर भर्तियां हुई : वैष्णव

**नई दिल्ली, 04 फरवरी. रेलवे में 2024 और 2025 में अराजपत्रित 143086 पदों पर भर्तियां हुई हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि वर्ष 2024 में रेलवे की ओर से 92,116 रिक्तियों के लिए दस केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) जारी की गई थी.**



इनमें सहायक लोको पायलट (एएलपी), टेक्नीशियन, उप निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में कांस्टेबल, कनिष्ठ अभियंता (जेई)/डिपो मटेरियल सुपरिटेंडेंट (डीएमएस)/केमिकल एंड मेटालर्जिकल सहायक (सीएमए), अर्धचिकित्सकीय श्रेणी , गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणी (स्नातक ), गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणी (स्नातक से पहले ), मंत्रिस्तरीय और पृथक श्रेणी तथा लेवल-1 श्रेणी जैसे सहायक, ट्रैक का मरम्मत करने वाले और पॉइंट्समैन (रेल की लाइन को बदलनेवाला कर्मचारी) के पद शामिल हैं। इनमें से दक्षिणी रेलवे में 6927 और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में 1395 पद शामिल शामिल हैं।

वहीं, ग्रेड-1 श्रेणी के 32,438 पदों के लिए सीबीटी 27 नवंबर 2025 से देश के 140 शहरों में 15 भाषाओं में हुई। कांस्टेबल (आरपीएफ ) की 4,208 रिक्तियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी) छह दिसंबर को किया गया।

> टेक्नीशियन, जूनियर इंजीनियर, अर्धचिकित्सकीय श्रेणी , उप निरीक्षक (आरपीएफ) और सहायक लोको पायलट सहित अलग-अलग पदों के लिए 31,000 से ज़्यादा उम्मीदवारों का चयन किया गया है। इनमें से ज़्यादातर सुरक्षा श्रेणी में हैं। इसके अलावा साल 2025 में 50970 भर्तियों के लिए नौ केंद्रीकृत रोजगार सूचनाएं (सीईएन) जारी की गयी थीं जिनमें से दक्षिण रेलवे के लिए 3412 भर्ती और आईसीएफ के लिए 438 भर्ती शामिल हैं।

## 30 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा 04 फरवरी।** उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र सेंट्रल नोएडा जोन फेस तृतीय थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मादक पदार्थ तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के टीपी नगर चौराहे के पास से चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीस किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब ग्यारह लाख रुपये बताई जा रही है।फेस तृतीय थाना द्वारा गिरफ्तार अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह की पहचान सरवन, लव कुमार, नितीश कुमार और राज नारायण कुमार उर्फ छोटू कुमार के रूप में हुई है.

# ईडी और सीबीआई को फटकार

**सुको एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त**

**नई दिल्ली, 04 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में अकारण देरी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई है.**

इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल एक ही एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भी आलोचना की है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि वर्ष 2025 में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत पर दर्ज एकमात्र एफआईआर के दायरे को अन्य बैंकों की बाद की शिकायतों तक बढ़ाना प्रक्रियात्मक कानून के अनुरूप प्रतीत नहीं होता।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग बैंकों की शिकायतें अलग लेन-देन से जुड़ी हैं और इसलिए प्रत्येक के लिए अलग एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। पीठ ने सीबीआई को इस पहलू की समीक्षा करने और कथित धोखाधड़ी में बैंक अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा, ईडी और सीबीआई दोनों पहले ही समय ले चुके हैं.

> पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि ईडी वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर कानूनी दायरे में रहते हुए जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए। यह टिप्पणियां पूर्व केंद्रीय सचिव ईएएस सरमा द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान की गईं, जिसमें एडीएजी कंपनियों द्वारा सार्वजनिक धन के बड़े पैमाने पर कथित दुरुपयोग और धन-निकासी की अदालत-निगरानी में जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने अदालत से एडीएजी के चेयरमैन अनिल अंबानी को देश छोड़ने से रोकने का आग्रह किया.